## मां हरसिद्धि के अलौकिक तीन स्वरूपों में होते हैं दर्शन

**चैत्र नवरात्र** देवी मठों में 9 दिन होंगे विशेष आयोजन, लगेगी भक्तों की भीड़

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ होते ही देवी मठों सहित जगह जगह ज्वारों की स्थापना की जा रही है। देवी मठों में विशेष साज सज्जा की जा रही है। नवरात्रि में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है प्रथम दिवस माँ शैलपुत्री, द्वितीय दिवस माँ ब्रह्मचारिणी, तृतीय दिवस माँ चंद्रघंटा, चतुर्थ दिवस माँ कूष्मांडा, पंचम दिवस माँ स्कंदमाता, षष्ठम दिवस माँ कात्यायनी, सप्तम दिवस माँ कालरात्रि, अष्टम दिवस माँ महागौरी एवं नवम दिवस माँ सिद्धिदात्री।

तेंदूखेड़ा नगर के हृदय स्थल में विराजित भक्ति एवं आस्था स्वरुपिणी माँ हरसिद्धि की ख्याति दूर-दूर तक फैली है। माँ के दर पर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा सच्ची श्रद्धा भक्ति से मांगी गई मनोकामनाएं पूरी होती है। यहां हर दिन अनेक श्रद्धालुओं का आना होता है परंतु वर्ष की चैत्र तथा शारदीय दोनों नवरात्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं, श्रद्धालुओं का जनसैलाब नवरात्रि और सभी प्रमुख तीज त्यौहार पर उमड़ता हैं। प्रातः काल से ही माता के दर्शन करने तथा उनके समक्ष जल चढ़ाने, पूजन-अर्चन करने हेतु भक्तों का तांता लग जाता हैं। शक्ति और साधना के महापर्व चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ हरसिद्धि मंदिर तेंदूखेड़ा में श्रद्धालुओं को भक्ति एवं आस्था स्वरुपिणी माँ हरसिद्धि के तीन स्वरूपों में भक्तिमय दर्शन होते हैं। प्रातः काल में हरसिद्धि माता के बाल्यावस्था स्वरूपी वात्सल्यमयी दर्शन होते हैं, दोपहर में युवावस्था स्वरूपी युवती रूप में दर्शन होते है एवं शाम को वृद्धावस्था स्वरूप में दर्शन होते है।

### हिन्दू नववर्ष पर निकाली विशाल भगवा ध्वजयात्रा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर गोटेगांव के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं वरिष्ठ समाजसेवी सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे के सानिध्य में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति गोटेगांव द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री संकट मोचन मंदिर सेवा समिति सहित अन्य श्रद्धालु बंधुओ एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने सम्मिलित होकर भक्ति भाव से जय श्री राम के नारे लगाते हुए विशाल भगवा ध्वज शोभायात्रा निकाली। यात्रा भगतराम चौराहा स्थित राममंदिर पहुंचकर समापन के दौरान श्री चौकसे ने हिंदू नववर्ष पावन पर्व की समस्त नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं बधाई देकर यात्रा का समापन आभार प्रकट किया।



स्मरण हो कि पंकज चौकसे समाजसेवा के नाम पर एक लोकप्रिय नाम है जो धर्म ध्वजा फहराने से लेकर समाजसेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन बड़ी लगन और शिद्दत से करते हैं।

## ओवर ब्रिज और पंचशील कॉलोनी में बनने वाली पुलिया का किया निरीक्षण

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जुन्नारदेव, मोरकुंड, टाटरवाड़ा रोड पर पंचशील कालोनी में निर्मित होने वाली स्लैब कलवर्ट पुलिया एवं जुन्नारदेव में बन रहे ओवर ब्रिज का शनिवार को विधायक सुनील उईके ने पहुंचकर निरीक्षण किया। विधायक उईके के निरीक्षण के साथ ही पुरानी पुलिया का डिस्मेंटल कार्य तेजी से प्रारम्भ हो गया। क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग पूरी होने से क्षेत्रवासियों ने वार्ड नंबर 10 के पार्षद एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरुणेश जायसवाल के नेतृत्व में पंचशील कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित कर विधायक सुनील उइके का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री उईके ने कहा कि सिर्फ मुँह चलाने भर से क्षेत्र का विकास नही होता इसके लिये विकासात्मक दृष्टिकोण की जरूरत होती है। कार्यक्रम को पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, नगर अध्यक्ष एवं पार्षद अरुणेश जयसवाल, अजय साहू, महेश नारायण पाठक ने भी संबोधित किया, आभार प्रदर्शन पूर्व पार्षद शशिकान्त मालवीय एवं कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू



ने किया। कार्यक्रम में विधायक सुनील उईके के साथ ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, नगर अध्यक्ष अरुणेश जयसवाल, अशोक विश्वकर्मा, रमेश राय, रमेश साहू, शशिकान्त मालवीय, उपेन्द्र शर्मा, बाबा बेग, हेमराज पवार, अजय साहू, महेश नारायण पाठक, यशदीप साहू, अंकित राय, घनश्याम बरखाने, सोमा झाम, रामस्वरूप मुछोरिया, प्रवीण सिंग, विनोद लांजीवार, कुंवरलाल बिहारे, किशोरसिंग ठाकुर, बामनराव चौकिकर, शिवराम चौरे, दिलीप साहू, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**सार-समाचार**

### चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस मां का शैलपुत्री के रूप में हुआ अद्भुत श्रृंगार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्रि के प्रथम दिवस पर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद महाराज के तपोवन में विराजमान आदि शक्ति जगदजननी राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी सुंदरी माता का शैलपुत्री के रूप में अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसे देखने वाले भक्तों का मंदिर में तांता लगा हुआ है। इस दौरान आसपास के श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में उपस्थित होकर माता रानी के दर्शन किए और अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर बेरडी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित

**सौसर, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में आयोजित कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम आज दिनांक 28 मार्च को घोषित किया गया। जिसमें स्व केशरबाई नंदकिशोर चांडक सरस्वती शिशु मंदिर बेरडी के भैया बहिनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।कक्षा पांचवीं एवं आठवीं का शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।कक्षा पांचवीं मे निखिल कृष्णा ठाकरे 90.5 प्रतिशत (प्रथम), सेजल संजय करमरकर 88.7 (द्वितीय), रचना पुरुषोत्तम हिंगने 88.5 (तृतीय) स्थान पर रहे।जबकी कक्षा आठवीं मे मनस्वी गणेश गुर्वे 88 प्रतिशत (प्रथम), महिमा कृष्ण कुमार पाठक 86.3 प्रतिशत (द्वितीय), रिया सुंदर दीक्षित 85.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। परीक्षा मे सफलता प्राप्त करने वाले सभी भैय्या बहनों को एवं अभिभावकों को विद्यालय समिति, प्रधानाचार्य,आचार्य परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

### ब्रह्मकुंड घाट पर कलश स्थापना 8 को, होगा दीक्षा समारोह

**गोटेगांव, देशबन्धु।** समीपवर्ती ग्राम ब्रह्मकुंड घाट पर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन हनुमानदास त्यागी द्वारा विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। कलश स्थापना के इस पावन कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता रानी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर सुख-समृद्धि और मंगल कामना की। आगामी 8 अप्रैल को श्री मधुवन आश्रम, गौघाट, ब्रह्मकुंड, गोटेगांव में हनुमानदास त्यागी द्वारा सर्वेश्वरी देवी दास योगाचार्य को दीक्षा प्रदान की जाएगी।

### छोटेलाल नामदेव का निधन



**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के हरदौल वार्ड निवासी नामदेव परिवार के वरिष्ठ सदस्य छोटेलाल नामदेव का 80 वर्ष से अधिक आयु में विगत दिवस निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास हरदौल वार्ड से स्थानीय मुक्तिधाम रवाना हुई, जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे राजेश नामदेव गुड्डा के पिता एवं ऋषभ नामदेव, यश नामदेव के दादा थे। अंतिम यात्रा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अपना दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

## महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा बस स्टैंड में स्थापित

### मंत्री,सांसद, विधायक सहित हजारों की संख्या में लोग पहुंचे, शहनाज अख्तर ने दी शानदार प्रस्तुति

**सिवनी/छपारा, देशबन्धु।** जिले का हृदय स्थल कहे जाने वाले छपारा में शनिवार 29 मार्च को वर्षों के इंतजार के बाद में वह ऐतिहासिक क्षण आया जब वीर शिरोमणि, हिंदू कुलभूषण श्री महाराणा प्रताप जी की आदम कद, तीन टनी प्रतिमा बस स्टैंड परिसर में विराजी। भारत के अलग-अलग राज्यों से आए राजपूत क्षत्रिय समाज के बंधु, मातृशक्ति एवं दूर-दूर से आए लोगों का उत्साह देखते को मिला। सभी क्षेत्रवासियों ने इस पल मे शामिल होकर गौरवान्वित महसूस किया। इस कार्यक्रम में ढोल बाजे के साथ शानदार आतिशबाजी की गई।




इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश शासन के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत,केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह,सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, वही क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, राघोगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह , म.प्र. शासन के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह, क्षत्रिय समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ठा. जयकेश सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनुराधा प्रदीप सिंह, साथ ही सत्यनारायण सिंह प्रांतीय अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।शाम 5 बजे से देर रात तक प्रसिद्ध भजन एवं देवी गीत गायिका शहनाज़ अख्तर द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे सुन सभी लोग झूम उठे। वहीं प्रशासन के द्वारा उचित प्रबंध किए गए थे।

## 9. 55 लाख रुपए में नीलाम हुआ साप्ताहिक जन बाजार

**रामाकोना, देशबन्धु।** जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना मे शुक्रवार को खंड पंचायत अधिकारी सुभाष ठाकरे, ग्राम पंचायत सरपंच कोकिला देवेंद्र चौधरी, उपसरपंच संतोष चौधरी, डॉक्टर पांडे जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सचिव गजानन ढोक, वरिष्ठ पंच कैलाश चौरागड़े, शशिकांत गोले, आकाश खंडाईत, नीलम खड्से, राजेंद्र भानगे की उपस्थिति मे साप्ताहिक जन बाजार एवं पशु मवेशी बाजार की नीलामी कार्यवाही सम्पन्न हुई, जिसमे साप्ताहिक जन बाजार की सर्वाधिक बोली कन्हैयालाल वरखड़े ने बोली जिसमे 9 लाख 55 हजार रूपये, तथा पशु मवेशी बाजार की सर्वाधिक बोली 1 लाख 66 हजार 500 रूपये मे गया। दोनों मिलाकर ग्राम पंचायत रामाकोना को 11 लाख 21 हजार 500 रुपए की आय हुई है।

**ग्रामीणों ने पुराने ठेकेदार की बकाया राशि पर प्रशासन को घेरा-** ग्राम पंचायत रामाकोना के कार्यालय मे नीलामी के दौरान ग्रामीणों द्वारा पुराने बाजार ठेकेदार जिनके तरफ बकाया राशि है उससे अभी तक क्यों वसूली नहीं की गयी इस पर प्रशासन की ओर से जनपद खंड अधिकारी सुभाष ठाकरे एवं सचिव ग्राम पंचायत गजानन ढोक ने बताया की कार्यवाही की जाएंगी और ऐसे जितने भी ठेकेदार जिन्होंने बकाया राशि नहीं जमा की सभी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



### ग्राम उकारपार में सनेर नदी के उद्गम पर ग्रामीणों को बताया जल का महत्व



**धूमा, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज मंडल क्षेत्र के ग्राम उकारपार में सनेर नदी के उद्गम स्थल पर पूजन अर्चन कर इसके संवर्धन संरक्षण हेतु ग्रामीणजनों क्षेत्रीय जनों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पार्वती उइके, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दीपक निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रशांत उइके, नायब तहसीलदार सुश्री दीक्षा पटेल, जनपद सदस्य नीरज शर्मा, ब्रजेन्द्र डेहरिया, रेवा राम, मंडल अध्यक्ष धूमा सोनू पाराशर, राजेश शर्मा, भूपेंद्र सेन ,सरपंच, उपसरपंच, पंच ग्रामवासी क्षेत्रवासी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीराम नवमी महोत्सव का भव्य आयोजन

**सौसर, देशबन्धु।** नगर के वार्ड नंबर 15 मे स्थित श्री राम मंदिर सौसर में 6 अप्रैल को राम नवमी, श्री राम मंदिर खड़तकर कॉलोनी छत्रपति शिवाजी महाराज चौक सौसर में बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। इस पावन पर्व के शुभ अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है, जिसमें श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे भगवान श्रीराम के अभिषेक से होगी, जिसके बाद भक्तों के लिए माँ कात्यायनी जागरण सौसर ग्रुप द्वारा भजन का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोहपहर 1 बजे तक किया जाएगा, जहाँ भावपूर्ण भजनों के माध्यम से इस पावन अवसर की सकारात्मकता को और अधिक बढ़ाया जाएगा। शुभ मुहूर्त 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का विशेष आयोजन होगा, जिसके उपरांत भक्तगण मंगल आरती में भाग ले सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक किया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक भक्तों से भाग लेने की अपील की गई है।

### गौशाला विकास पर हुई चर्चा

## गोटेगांव में गौपालन संवर्धन को लेकर बैठक

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस जनपद पंचायत गोटेगांव के सभागार कक्ष में गौपालन संवर्धन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौशालाओं के संचालन, संसाधनों की उपलब्धता और संवर्धन के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदारसिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्ष आरती सतीश पटेल, उपाध्यक्ष जानकी दादूराम, गौ सेवा विभाग टोली सदस्य जबलपुर एवं पूर्व सदस्य गौ संवर्धन बोर्ड नरसिंहपुर देवनाथ पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोटेगांव (अध्यक्ष गौ संवर्धन बोर्ड), एसडीओपी गोटेगांव (सदस्य), थाना प्रभारी गोटेगांव (सदस्य), तहसीलदार गोटेगांव (सदस्य), पशु पालन विभाग गोटेगांव (सचिव), आजीविका मिशन गोटेगांव (सदस्य), मनरेगा विभाग जनपद पंचायत गोटेगांव (सदस्य), कृषि विभाग गोटेगांव (सदस्य), वन विभाग गोटेगांव (सदस्य), विभिन्न गौशाला संचालक, बगासपुर, बेलखेड़ी शेड, बरहटा, लाठगांव, श्रीनगर, ठेमी, पिपरिया मवई, सिलारी, अकोला, बुधगांव, खापा, बावली, बुढ़ैना, नेगुवां, राजाकछार और सालीवाड़ा सहित कई ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**गौशालाओं के लिए सकारात्मक निर्णय-** बैठक के दौरान गौशालाओं के संचालन, रखरखाव और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गौशाला विकास योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने की सहमति बनी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 31 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-अश्विनी।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## झूलेलाल जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** श्री झूलेलाल सेवा समिति, जुन्नारदेव द्वारा आयोजित झूलेलाल जयंती महोत्सव 29 एवं 30 मार्च को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**प्रभात फेरी से हुआ शुभारंभ**

29 मार्च की प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। यह फेरी सिंधी मौहल्ला वार्ड नंबर 5 से प्रारंभ होकर नुक्कड़ चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक, आंबेडकर चौक होते हुए झूलेलाल मंदिर, बावली पहुंची। श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए




एवं भक्ति गीत गाते हुए प्रभात फेरी में सम्मिलित हुए।

30 मार्च को प्रातः 9 बजे झूलेलाल मंदिर, बावली में भगवान झूलेलाल जी का विधिवत अभिषेक एवं भव्य आरती संपन्न हुई। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्तिमय भावनाएँ व्याप्त रहीं।

इसके पश्चात दोपहर एक बजे से 5 बजे तक झूलेलाल मंदिर, बावली में महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए समिति के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर चना एवं शरबत वितरण का आयोजन किया गया। राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडे शरबत एवं प्रसाद का वितरण कर सेवा कार्य संपन्न किया गया।

सायं 6बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो सिंधी मोहल्ला वार्ड नंबर 5 से प्रारंभ होकर नुक्कड़ चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक, आंबेडकर चौक होते हुए झूलेलाल मंदिर, बावली पहुँची। शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भक्तगण नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा और नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

### गुड़ीपाड़वा के अवसर पर ग्राम पंचायत में हुआ पूजन



**रामाकोना, देशबन्धु।** संतों की नगरी ग्राम रामाकोना के ग्राम पंचायत कार्यालय मे हिन्दू नववर्ष गुड़ी पाड़वा के पावन पर्व पर पूजन किया गया। रविवार को ग्राम पंचायत मे ग्राम के तिवारी महाराज द्वारा विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रामाकोना के सरपंच कोकिला देवेंद्र चौधरी, उपसरपंच संतोष चौधरी, सचिव गजानन ढोक एवं समस्त पंचगण कर्मचारी गण उपस्थित थे।